# सी.आर.एस.यू. के वी.सी. ने अस्थाई से स्थाई तौर पर किया पदभार ग्रहण

## विश्वविद्यालय छात्रों, स्टाफ, सामाजिक संस्थाओं ने किया स्थाई कुलपति का भव्य स्वागत

जींद, 5 जून (संदीप मलिक): चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व कार्यवाहक कुलपति प्रो. रामपाल सैनी ने शुक्रवार को विश्वविद्यालय के स्थायी कुलपति के तौर पर अपना पदभार ग्रहण किया। इस दौरान उन्हें विश्वविद्यालय में जलूस के रूप में लाया गया और विश्वविद्यालय सभागार तक बीच रास्ते में रोककर कई जगह उनका भव्य स्वागत किया गया।

उल्लेखनीय है कि प्रो. रामपाल सिंह सैनी ने चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में पिछले कुलपति प्रो. रणपाल सिंह के बाद बीते वर्ष 28 मई 2025 को किसी स्थायी कुलपति की नियुक्ति होने तक अस्थाई तौर पर कार्यवाहक कुलपति के तौर पर अपना कार्यभार संभाला था, जिसके एक वर्ष बीतने के पश्चात स्थायी कुलपति के तौर पर अगले 3 वर्षों के लिए स्थायी तौर पर प्रो. रामपाल सैनी को विश्वविद्यालय की बागडोर सौंप दी गई और इसके साथ ही शुक्रवार को प्रो. रामपाल सिंह सैनी ने शुक्रवार को विधिवत अपनी यह जिम्मेदारी संभाली। इस दौरान शहर में प्रवेश करने से पूर्व ही शहर से बाहर राष्ट्रीय राजमार्ग 152-डी पर ए.बी.वी.पी. की छात्र इकाई ने रामपाल सैनी के उनके मध्य पहुंचने पर पगड़ी पहनाकर फूल मालाओं से उनका स्वागत किया।



सी.आर.एस.यू. के स्थाई वी.सी. का कार्यभार ग्रहण करते प्रो. रामपाल सैनी। (संदीप)

इसके बाद गोहाना रोहतक रोड बाईपास पर खड़ी शहर की सामाजिक संस्थाओं व विभिन्न गांवों के पंचायत प्रतिनिधियों ने उन्हें अपने बीच रोककर गुलदस्तों व फूल मालाओं से स्वागत किया। सैनी के स्वागत का कारवां यहीं समाप्त नहीं हुआ और जैसे ही विश्वविद्यालय कुलपति विश्वविद्यालय के मुख्य गेट पर पहुंचे तो यहां भी भारी संख्या में खड़े छात्रों और शहरवासियों ने उनका जोशीले अंदाज में अभिनंदन किया और यहां से उन्हें वाहनों के लंबे काफिले के साथ जुलूस की शक्ल में कुलपति कार्यालय तक ले जाया गया। यहां भी विश्वविद्यालय के प्रशासनिक, एकेडमिक व मिनिस्ट्रियल स्टाफ ने उन्हें फूलों से सजे बुके देकर उनका स्वागत किया।

इसके बाद उन्होंने अपने कार्यालय में स्थाई कुलपति का पदभार ग्रहण किया और यहां से सीधा उन्हें सभागार में ले जाया गया और यहां भी उन्हें प्रतिष्ठित लोगों द्वारा पगड़ी पहना, पुष्पगुच्छ दिए गए। इस दौरान विश्वविद्यालय सभागार लोगों की भीड़ से खचाखच भरा हुआ था और अनेक लोगों को सभागार में खड़े होकर अभिनंदन समारोह का गवाह बनना पड़ा।

यहां अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए कुलगुरु प्रो. रामपाल सिंह सैनी ने उन्हें स्थाई रूप से विश्वविद्यालय की कमान सौंपने पर प्रदेश सरकार, महामहिम राज्यपाल असीम घोष व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताया और कहा कि वो इसके साथ ही उनके भी आभारी हैं जिन्होंने कार्यभार ग्रहण समारोह में पहुंचकर उनका इतना भरपूर सम्मान देते हुए उत्साह के साथ उनका अभिनंदन किया। विश्वविद्यालय की रजिस्ट्रार सीमा गुप्ता ने भी अपने उद्बोधन में कुलगुरु के रूप में स्थाई तौर पर कार्यभार ग्रहण करने पर विश्वविद्यालय स्टाफ व छात्रों की ओर से उनका स्वागत किया और उनके पिछले एक साल के अनुभव को सांझा किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के उप निदेशक गंभीर चौहान, हरियाणा उच्च शिक्षा परिषद के सदस्य सतरूप ढांडा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति राधेश्याम शर्मा, सी.आर.एस.यू. कुलगुरु के ओ.एस.डी. विजय सैनी, विश्वविद्यालय परीक्षा नियंत्रक राजेश बंसल इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित थे।



सटीक नजर-सबकी खबर

# इंडिया टाइमर

INDIA TIMER

इंडिया टाइमर में विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें। मोबाइल : 9050007221 9467504707

www.indiatimer.com | indiatimer1@gmail.com | indiatimer1 | वर्ष : 12 || अंक : 12 || जीन्द, 6 जून 2026 || पृष्ठ : 4 || मूल्य : 3 रुपए | INDIATIMER | @indiatimer1




# वाइस चांसलर की पारी संभालते ही डॉ. सैनी ने सीआरएसयू को सशक्त करने का दोहराया संकल्प

## अभिनंदन समारोह में शिक्षाविद्धो के साथ उमड़े सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग

संजय शर्मा

**जींद,(इंडिया टाइमर):** जींद के चौधरी रणवीर सिंह विश्वविद्यालय यानि सीआरएसयू को तीन वर्षो के लिए स्थाई वाइस चांसलर मिलने पर शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर फूलो और बुको से गुलजार नजर आया। इस दौरान विश्वविद्यालय के स्टाफ ही नहीं अपितु शिक्षा जगत से जुड़ी अनेको हस्तियो और सामाजिक संगठनों के लोगो ने सूबे की नायब सरकार द्वारा नियुक्त डॉ. रामपाल सैनी का जोरदार अभिनंदन किया। किसी ने वाइस चांसलर को पगड़ी पहनाकर सम्मान दिया तो किसी ने फूलो के बुके तो किसी ने मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान स्वागतीय भाषण में सीआरएसयू की रजिस्ट्रार डॉ. सीमा गुप्ता ने कहा कि सीआरएसयू के लिए आज का दिन ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण भरा है। हरियाणा सरकार ने प्रख्यात शिक्षाविद्, कुशल प्रशासक एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक का अनुभव रखने वाले प्रो. राम पाल सैनी को विश्वविद्यालय का वाइस चांसलर बनाकर भेजा है, उससे निश्चित तौर पर शिक्षा के इस उच्च मंदिर में छात्रों के लिए सुविधाएं जुटेगी। सीआरएसयू को पिछले एक वर्ष के दौरान अतिरिक्त कार्यभार के तौर पर संभाल रहे डॉ. रामपाल सैनी ने वाइस चांसलर का कार्यभार विधिवत रूप से ग्रहण करते हुए विश्वविद्यालय को शिद्दत के साथ सींचने की पारी शुरू कर दी। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में जहां महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की वहीं सीआरएसयू को सशक्त करने का संकल्प दोहराते हुए डॉ. सैनी ने मौजूद स्टाफ, सामाजिक, छात्र संगठनों के प्रतिनिधियों से विश्वविद्यालय को प्रबल बनाने में सहयोग देने का आह्वान किया। डॉ. सैनी ने कहा कि उन पर व्यक्त किया गया विश्वास उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। उन्हें विश्वविद्यालय की शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं विकासात्मक गतिविधियों की गहन समझ पहले से ही प्राप्त है। उनके स्थायी रूप से वाइस चांसलर पद का दायित्व ग्रहण करने से विश्वविद्यालय परिवार में स्थिरता, निरंतरता एवं नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इस अवसर पर प्रो. सैनी के परिवारजन, रिश्तेदार, मित्रगण एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अनेक गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। इस दौरान वक्ताओ ने कहा कि मूल रूप से हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के थानेसर क्षेत्र स्थित गांव प्रतापगढ़ के निवासी प्रो. राम पाल सैनी का जीवन संघर्ष, परिश्रम और समर्पण की प्रेरक मिसाल है। ग्रामीण परिवेश से निकलकर उन्होंने शिक्षा जगत में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। उन्होंने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में एम.ए. एवं एम.फिल. की उपाधि प्राप्त की तथा महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर से पीएच.डी. की डिग्री हासिल की। राजनीति विज्ञान विषय में डी.लिट. की उपाधि प्राप्त कर उन्होंने अपने उत्कृष्ट शैक्षणिक योगदान का परिचय दिया हुआ है।

### नायब सरकार के विश्वास पर खरा उतरने के लिए सहयोग का किया आह्वान



### विश्वविद्यालय में स्थिरता, निरंतरता एवं नई ऊर्जा का हुआ संचार : डॉ. सैनी

## सामूहिक प्रयासों के बल पर विश्वविद्यालय को दिलाएगे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान : वाइस चांसलर

वाइस चांसलर डॉ. रामपाल सैनी ने कहा कि चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय प्रदेश एवं देश के प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के सहयोग से हम सभी मिलकर इसे शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान, नवाचार और संस्थागत विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। मेहनत, लगन और सामूहिक प्रयासों के बल पर विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। प्रो. सैनी ने कहा कि वर्तमान समय में विश्वविद्यालयों की भूमिका केवल ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को वैश्विक चुनौतियों के अनुरूप सक्षम, जिम्मेदार, संवेदनशील और नवाचारी नागरिक बनाना भी उतना ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता को और अधिक मजबूत बनाने, शोध एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने, कौशल विकास को बढ़ावा देने, उद्योग-अकादमिक सहभागिता को सुदृढ़ करने तथा रोजगारोन्मुखी शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## सरकार ने लंबा अनुभव रखने वाले शिक्षाविद्ध को बनाया सीआरएसयू का सरताज

हरियाणा सरकार ने जिस शिक्षाविद्ध प्रो. राम पाल सैनी को सीआरएसयू का सरताज बनाकर भेजा है उनके पास 30 वर्षों से अधिक का शिक्षण एवं प्रशासनिक अनुभव है। अपने लंबे कार्यकाल के दौरान उन्होंने उच्च शिक्षा संस्थानों में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करते हुए शिक्षण, शोध, प्रशासन, नीति निर्माण एवं संस्थागत विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनके अनुभव, दूरदर्शी सोच और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए विश्वविद्यालय शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगो को विशेष अपेक्षाएं हैं। प्रो. सैनी के नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शैक्षणिक एवं शोध सहयोग को नई दिशा प्रदान की है। उनके मार्गदर्शन में देश एवं विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षण तथा अनुसंधान संस्थानों के साथ अनेक समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। विशेष रूप से जापान, पुर्तगाल तथा अन्य अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ स्थापित शैक्षणिक एवं शोध साझेदारियों ने विश्वविद्यालय को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

दैनिक भास्कर
जींद भास्कर 06-06-2026

# रोजगारपरक शिक्षा पर रहेगा फोकस: प्रो. रामपाल सैनी

## सीआरएसयू के वाइस चांसलर का कार्यभार संभाला

भास्कर न्यूज | जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद में नव-नियुक्त वाइस चांसलर प्रो. रामपाल सैनी ने विधिवत रूप से अपना कार्यभार संभाल लिया है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों, विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक संस्थाओं के गणमान्य लोगों ने पहुंचकर प्रो. सैनी का स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। वीसी ने राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष, मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार प्रकट किया। इस मौके पर वीसी की पत्नी परविंद्र कौर भी मौजूद रहीं।

बता दें, इससे पहले करीब एक साल से प्रो. सैनी को यूनिवर्सिटी के वीसी का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था, अब सरकार ने उन्हें तीन साल के लिए स्थायी नियुक्ति दी है। समारोह में रजिस्ट्रार डा. सीमा गुप्ता ने नवनियुक्त वीसी की कार्यप्रणाली की सराहना की।



जींद। पदभार संभालते हुए वीसी प्रो. रामपाल सैनी।

## नवाचार, शोध और रोजगार हमारी प्राथमिकता

वीसी प्रो. सैनी ने कहा कि वर्तमान समय में विश्वविद्यालयों की भूमिका केवल ज्ञान प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को वैश्विक चुनौतियों के अनुरूप सक्षम, जिम्मेदार, संवेदनशील और नवाचारी नागरिक बनाना भी उतना ही आवश्यक है। विश्वविद्यालय में शैक्षणिक गुणवत्ता को और अधिक मजबूत बनाने, शोध एवं नवाचार को प्रोत्साहित करना प्राथमिकता है।

**Date-05.06.2026**



जींद। पदभार संभालते वीसी कुलपति प्रो. रामपाल सैनी।

# विवि को अंतरराष्ट्रीय बुलंदियों पर ले जाना मुख्य लक्ष्यः वीसी

■ सीआरएसयू कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी के जींद आगमन पर भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सरकार द्वारा नवनियुक्त कुलपति प्रो. रामपाल सैनी का चौधरी रणबीर सिंह विवि का कार्यभार संभालने के पश्चात आज जींद आगमन पर शहर के अनेक गणमान्य लोगों, शिक्षाविदों और मौजिज नागरिकों ने फूलमालाओं व बुके भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित जनसमूह ने उनके सफल एवं उज्जवल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर पत्रकारों से विशेष बातचीत करते हुए नवनियुक्त कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी ने अपनी प्राथमिकताओं को स्पष्ट किया और विवि के विकास का पूरा खाका सामने रखा। अपनी नियुक्ति पर प्रसन्नता व्यक्त करते कुलपति प्रो. रामपाल सैनी ने कहा कि नियुक्ति के लिए वो मुख्यमंत्री और कुलाधिपति राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष का आभार व्यक्त करता हैं। जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताते ऐतिहासिक विवि की अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। वो पूरी प्रतिबद्धता के साथ उनके इस अटूट विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। कुरुक्षेत्र विवि की तर्ज पर जींद विवि को चमकाने के सवाल पर कुलगुरु ने कहा कि इस विवि में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य इस संस्थान को अंतरराष्ट्रीय स्तर की बुलंदियों पर ले जाना है। हम शोध (रिसर्च) नवाचार (इन्नोवेशन) और कौशल विकास पर विशेष जोर देंगे ताकि हमारे यहां के विद्यार्थियों को देश व विदेश में अधिक से अधिक प्लेसमेंट मिल सके। नई यूनिवर्सिटीज को लेकर सरकार का दृष्टिकोण भी बेहद सकारात्मक है व विद्यार्थियों को हर संभव आधुनिक सुविधाएं व साधन उपलब्ध कराए जाएंगे। विवि में शैक्षणिक स्टाफ की कमी और पक्के प्राध्यापकों की जरूरत पर बोलते कुलपति ने युवाओं और शिक्षा जगत के लिए बड़ी घोषणा की। बताया कि सरकार की ओर से नियुक्तियों के लिए हरी झंडी मिल चुकी है। बहुत जल्द ही विवि में नियमित प्राध्यापकों व अन्य स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ शुरू कर दी जाएगी।

अमर उजाला
हर सवेरे नया जोश नया उजाला

Date-05.06.2026

# रोजगारोन्मुखी शिक्षा और शोध को मिलेगी नई गति : प्रो. रामपाल सैनी

## सीआरएसयू को मिला स्थायी कुलपति, सामाजिक संगठनों ने फूल बरसाकर किया अभिनंदन

संवाद न्यूज एजेंसी

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय (सीआरएसयू) को स्थायी कुलपति मिल गया है। शुक्रवार को प्रख्यात शिक्षाविद् एवं वरिष्ठ प्रशासक प्रो. राम पाल सैनी ने विश्वविद्यालय के कुलपति पद का विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया।

कुलपति के स्वागत के लिए विश्वविद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल रहा। निर्जन गांव से शुरू हुए स्वागत व सम्मान समारोह के दौरान विश्वविद्यालय तक विभिन्न सामाजिक संगठनों ने फूल बरसाकर उनका अभिनंदन किया। शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं।

प्रो. राम पाल सैनी ने कहा कि विश्वविद्यालय को शैक्षणिक उत्कृष्टता, गुणवत्तापूर्ण शोध, नवाचार और कौशल विकास के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराने, उद्योग-अकादमिक सहभागिता को सुदृढ़ बनाने और वैश्विक स्तर की शिक्षा और अनुसंधान के अवसर उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

प्रो. सैनी पिछले लगभग एक वर्ष से विश्वविद्यालय में कुलपति का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे थे। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ कई महत्वपूर्ण एमओयू किए हैं जिनसे विद्यार्थियों और शोधार्थियों को वैश्विक अवसर मिले हैं।

कार्यभार संभालने के बाद प्रो. राम पाल सैनी ने महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति प्रो. असीम कुमार घोष, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा सरकार और विश्वविद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन पर जताया गया विश्वास सम्मान के साथ-साथ एक बड़ी जिम्मेदारी भी है जिसका निर्वहन पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ किया जाएगा।



सीआरएसयू में प्रोफेसर डॉक्टर रामपाल सैनी को स्थायी वीसी नियुक्त किए जाने पर सम्मान समारोह में स्वागत करते सीआरएसयू स्टाफ और सामाजिक संगठनों के लोग। संवाद

**कुलपति के पास 30 वर्षों से अधिक का शिक्षण एवं प्रशासनिक अनुभव :** मूल रूप से कुरुक्षेत्र जिले के प्रतापगढ़ गांव निवासी प्रो. राम पाल सैनी के पास 30 वर्षों से अधिक का शिक्षण एवं प्रशासनिक अनुभव है। उन्होंने राजनीति विज्ञान में एमए, एमफिल, पीएचडी और डी.लिट. की उपाधियां प्राप्त की हैं। उच्च शिक्षा, शोध और संस्थागत विकास के क्षेत्र में उनका योगदान उल्लेखनीय रहा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी तथा बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



स्थायी कुलपति की नियुक्ति पर हस्ताक्षर करते प्रो. रामपाल सैनी। स्रोतः सीआरएसयू

दैनिक जागरण

Date-05.06.2026

# प्रोफेसर रामपाल सैनी ने संभाला सीआरएसयू वीसी का कार्यभार



सीआरएसयू में कार्यभार संभालते हुए वीसी प्रोफेसर रामपाल सैनी। • सौ. विवि

**जागरण संवाददाता • जींद :** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय (सीआरएसयू) के वीसी प्रोफेसर रामपाल सैनी ने शुक्रवार को कार्यभार संभाला। मंगलवार को राज्यपाल की तरफ से उनको तीन साल के लिए सीआरएसयू का वीसी नियुक्त करते हुए पत्र जारी किया गया था। इससे पहले वे एक साल से कार्यवाहक वीसी के तौर पर सीआरएसयू में जिम्मेदारी संभाल रहे थे। कार्यभार संभालने के बाद वीसी ने कहा कि उन पर राज्यपाल और प्रदेश सरकार ने जो विश्वास व्यक्ति किया है, वो उनके लिए सम्मान के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी है। सीआरएसयू प्रदेश और देश के प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों के सहयोग से हम सभी मिलकर इसे शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान, नवाचार और संस्थागत विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का कार्य करेंगे।